दिनांक 23 अगस्त 2023

डायल करे 14545 मितान घर पहुंचकर बनाएंगे प्रमाण पत्र

अब तक 12525 हितग्राहियों ने लिया लाभ

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़ शासन की मितान योजना नागरिकों के लिए कारगर साबित हो रही है। लोग घर बैठे अपना व्यक्तिगत शासकीय दस्तावेज बनवा रहे है और अपने समय की बचत कर रहे है। योजना में भिलाई निगम ने अब तक बारह हजार से अधिक लोगो को लाभान्वित किया है।

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के निवासियों को शासन की योजना मितान से लांभान्वित करने महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास योजना को धरातल तक पहुचाने के लिए शतक मॉनिटरिंग कर रहे है। नागरिक टोल फ्री नम्बर 14545 में डायल कर मितान योजना के माध्यम से विभिन्न प्रकार के शासकीय प्रमाण पत्र घर बैठे बनवा रहे है। मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी मितान योजना के माध्यम से सरकार तुहर द्वार के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अब तक 12525 नागरिकों ने मितान योजना के माध्यम से जन्म - मृत्यु राशन कार्ड आधार पैन कार्ड जाति निवासी , विवाह प्रणाम पत्र जैसे 24 प्रकार के दस्तावेज घर बैठे बनवाकर समय की बचत किए है।

योजना में अब तक विवाह प्रमाण पत्र के 930 आवेदन तथा सुधार के 34ए मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 239 आवेदन, जन्म प्रमाण . पत्र के लिए 261 तथा सुधार के 25 आवेदन, दुकान एवं स्थापना पंजीयन गुमास्ता लाइसेंस के 303 आवेदन 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन के 3891 आवेदन, पैन कार्ड सेवा के लिए 125 आवेदन, आधार मोबाइल नम्बर अपडेट के लिए 3306 आवेदनए मूल निवासी प्रमाण पत्र के लिए 984 आवेदन, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के लिए 39 आवेदन, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के लिए 226 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के लिए 2010 आवेदन तथा राशनकार्ड के 152 प्रमाण पत्र बनाकर दिये जा चुके है। नागरिक टोल फ्री नम्बर पर फोन करके योजना के मितान को अपने घर बुलवाकर दस्तावेज प्रदान करते है जिसका मितान द्वारा स्केन कर निर्धारित समय पश्चात नागरिकों को घर पहुचकर उनका प्रमाण पत्र उन्हे सौंपते है। शासन के इस अत्यंत उपयोगी योजना मितान घर पहुंचकर हमर सरकार हमर द्वार के सपने को साकार कर रहे है। भिलाई निगम प्रशासन की अपील है कि मितान योजना के माध्यम से प्रमाण पत्र एवं जरूरी सेवाओं का लाभ लेने के लिए 14545 टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करे।